समिति प्रबंधक की लापरवाही से दिव्यांग किसान का अटका भुगतान

नवभारत न्यूज

सतना, 19 मई. सरकारी दावों के विपरीत जमीनी स्तर पर अन्नदाता आज भी सिस्टम की लापरवाही का दंश झेलने को मजबूर है। ताजा मामला रघुराजनगर तहसील के ग्राम रगौली का है, जहाँ दिव्यांग किसान अपनी ही फसल का भुगतान पाने के लिए कलेक्ट्रेट के चक्कर काट रहा है। पीड़ित किसान ने कलेक्टर को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है।

दिव्यांग किसान रामलाल रैकवार ने बताया कि उन्होंने रबी फसल उपार्जन वर्ष 2026-27 के तहत सेवा सहकारी समिति डांडीटोला में अपनी मेहनत की उपज बेची थी। समिति द्वारा उन्हें फसल विक्रय की टोकन संख्या की रसीद भी थमा दी गई। लेकिन जब अंतिम उपार्जन पंजीयन पर्ची जारी हुई, तो पर्ची में उनकी बेची गई फसल को दर्ज ही नहीं किया गया . रिकॉर्ड में फसल दर्ज न होने के कारण अब उनके खाते में राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है। पीड़ित दिव्यांग किसान जब इस गड़बड़ की शिकायत लेकर समिति प्रबंधक के पास पहुंचा, तो उसे सुधार करने के बजाय अजीबोगरीब आश्वासन मिला। प्रबंधक ने किसान से कहा कि पोर्टल की डेट निकलने के बाद भी मैं तुम्हारा पैसा दिलवा दूंगा।

थक-हारकर पीडित किसान ने कलेक्टर को आवेदन देकर मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की . आवेदन के साथ समिति द्वारा दी गई टोकन रसीद भी संलग्न की गई है। किसान ने मांग की है कि शासकीय रिकॉर्ड और पंजीयन पर्ची में उनकी फसल को दर्ज कराया जाए और अटके हुए भुगतान को खाते में ट्रांसफर करवाया जाए।

सूरत से लौटे मजदूर का ठेकेदार पर 50 हजार हड़पने का आरोप

सतना जिले से सूरत गुजरात में महीनों मजदूरी करने के बाद खाली हाथ लौटे पीड़ित मजदूर का दर्द मंगलवार को कलेक्ट्रेट में फूट पड़ा। पीड़ित ने जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर को शिकायती पत्र सौंपा और अपनी बकाया मजदूरी दिलाने की गुहार लगाई।

शिकायती पत्र के अनुसार, रघुराजनगर तहसील के ग्राम सकरिया निवासी पीड़ित संजय लाल चौधरी मजदूरी का काम करता हैं .वह अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए 1 अगस्त 2021 को गांव के ही अन्य साथियों नत्थूलाल चौधरी, रिंकू चौधरी और सोनू चौधरी के साथ

काम की तलाश में सूरत गया था। वहां सोनू नाम के ठेकेदार ने उसे हर महीने पूरी मजदूरी देने का भरोसा देकर अपने पास रखा था .पीड़ित मजदूर ने बताया कि उसने 3 अगस्त 2021 से लगातार पूरी ईमानदारी के साथ ठेकेदार के पास मजदूरी की। काम के दौरान ठेकेदार ने उसे घर चलाने या रोजमर्रा के खर्च के नाम पर महज कुछ रुपये ही दिए और बाकी पैसे बाद में एकमुश्त देने का वादा करता रहा पीड़ित का आरोप है कि मजदूरी मांगने पर ठेकेदार ने न केवल पैसे देने से साफ इनकार कर दिया, बल्कि उसके साथ गाली-गलौज और बदसलूकी कर वहां से भगा दिया। ठगी और अपमान का शिकार होने के बाद थक-हारकर पीड़ित मजदूर अपने गांव वापस लौटा और न्याय के लिए जनसुनवाई का दरवाजा खटखटाया।

परीक्षा शुरू होने से पहले कम पड़े प्रश्न-पत्र

छात्राओं को दिया गया अतिरिक्त समय

नवभारत न्यूज

सतना 19 मई . सतना के इंदिरा कन्या महाविधालय में मंगलवार को आयोजित होम साइंस की परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र कम पड़ने से कुछ समय के लिए अव्यवस्था की स्थिति बन गई .

परीक्षा शुरू होने के समय कुछ छात्राओं को प्रश्नपत्र नहीं मिल सके, जिसके कारण परीक्षा निर्धारित समय पर शुरू नहीं हो पाई. बाद में कॉलेज प्रबंधन ने तत्काल फोटोकॉपी कराकर प्रश्नपत्र उपलब्ध कराए और छात्राओं को अतिरिक्त समय देकर परीक्षा संपन्न कराई. जानकारी के अनुसार परीक्षा के दौरान 3 से 4 प्रश्नपत्र कम पड़ गए थे. प्रश्नपत्रों की कमी सामने आने के बाद कॉलेज प्रबंधन ने तत्काल फोटोकॉपी की व्यवस्था कराई. इस प्रक्रिया में लगभग 10 मिनट का समय लगा, जिसके कारण परीक्षा देरी से शुरू हुई. मामले को लेकर जब कॉलेज प्राचार्य डॉ. ए.के. पांडे से बात की गई तो उन्होंने बताया कि स्थिति अधिक गंभीर नहीं थी. केवल कुछ प्रश्नपत्र कम पड़े थे, जिन्हें तत्काल फोटोकॉपी कराकर छात्राओं तक पहुंचा दिया गया परीक्षा प्रभावित न हो इसलिए परीक्षार्थियों को अतिरिक्त समय भी दिया गया. इसके साथ ही कॉलेज प्राचार्य ने बताया कि कई बार कुछ परीक्षार्थी विलंब से परीक्षा फॉर्म जमा करते हैं, जिसके कारण प्रश्नपत्रों की पैकिंग के दौरान उनकी संख्या शामिल नहीं हो पाती इसी वजह से इस तरह की स्थिति बन जाती है परीक्षा में शामिल छात्राओं का कहना था कि शुरुआत में प्रश्नपत्र नहीं मिलने से थोड़ी असुविधा जरूर हुई, लेकिन बाद में प्रश्नपत्र मिलने और अतिरिक्त समय दिए जाने से परीक्षा सामान्य रूप से संपन्न हो गई.

पंद्रह घंटे बाद बुझी ऑयल मिल में लगी आग

आठ घंटे बाद खुल सका चक्काजाम, मृतक का हुआ पोस्टमार्टम

नवभारत न्यूज

सतना 19 मई. शहर से सटे क्षेत्र सतनी नदी के निकट अमरपाटन रोड पर स्थित विद्याश्री राइस ब्रॉन ऑयल मिल में रविवार की रात 6 बजे भड़की भीषण आग सोमवार की सुबह 11 बजे तक बुझाई जा सकी. वहीं घटना के 8 घंटे बाद किसी तरह समझा-बुझाकर अमरपाटन मार्ग पर लगे चक्काजाम को खुलवाया जा सका. इसी कड़ी में फैक्ट्री के मृत कर्मचारी का पोस्टमार्टम कराने के बाद भी उपजे गतिरोध को किसी तरह दूर करते हुए शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया.

अमरपाटन मार्ग पर स्थित विद्याश्री राइस ब्रॉन आयल मिल में रविवार को भड़की आग की वजह से एक ओर जहां कर्मचारी दिलावर सिंह परिहार की दर्दनाक मौत हो गई थी वहीं दूसरा कर्मचारी मुन्नू केवट बुरी तरह से झुलस गया था. जिसका उपचार फिलहाल जिला चिकित्सालय में जारी है. घटना की भयानकता को देखते हुए एक ओर जहां नगर निगम के दमकल वाहन और फायर फाइटर्स द्वारा आग को नियंत्रित करने का प्रयास शुरु कर दिया गया था. वहीं दूसरी ओर घटना से उपजे जबरदस्त आक्रोश को संभालने के लिए प्रशासन और भारी संख्या में पुलिस बल मुस्तैद हो गया था. इसी कड़ी में कर्मचारी की मौत को लेकर परिजन सहित ग्रामीणों द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए अमरपाटन मार्ग को बाधित कर दिया गया. हलांकि पुलिस और प्रशासन द्वारा कड़ी मशक्कत करते हुए लोगों को समझाने का प्रयास किया जाता रहा. लेकिन मामले का हल नहीं निकला. भोर के लगभग 4 बजे प्रशासन और परिजनों के बीच इस बात पर सहमति बनी कि मृतक दिलावर के परिजनों को 15 लाख का मुआवजा और रेडक्रॉस की ओर 25 हजार की तात्कालिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी. इसी कड़ी में घटना में घायल मुन्नू केवट के संपूर्ण उपचार का खर्च वहन किया जाएगा. जिसके बाद विरोध प्रदर्शन समाप्त हो गया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. हलांकि जिला चिकित्सालय में हुए पोस्टमार्टम के बाद भी परिजनों से शव लेने से इंकार कर दिया. लेकिन जब मुआवजे की राशि खाते में पहुंचने से संबंधित गफलत कोतवाली थाना प्रभारी की मौजूदगी में दूर हुई तो परिजन शव लेने के लिए राजी हो गए.

मिल में पानी तक नहीं मिला

विद्याश्री राइस ब्रॉन ऑयल मिल में रविवार की रात जब भीषण आग भड़की को तो वहां पर आग को बुझाने के लिए पानी तक उपलब्ध नहीं था . इतना ही नहीं बल्कि वहां पर मौजूद कोई भी फायर सुरक्षा उपकरण चालू हालत में नहीं था . लिहाजा स्पष्ट है कि मिल बिना किसी फायर अनापत्ति प्रमाण पत्र के संचालित थी . जिसके चलते समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जा सका और उसने भयावह रुप ले लिया . शहर के तीनों फायर स्टेशन में मौजूद दमकल वाहन और 2 शिफ्ट के फायर फाइटर्स पूरी रात आग बुझाने के लिए कड़ी मशक्कत करते रहे . यहां तक की मौके पर 2 जेसीबी भी बुलानी पड़ी . नगर निगम के अग्निशमन दस्ते द्वारा घटनास्थल पर पहुंच कर घटना से जुड़े कारणों की जांच की जाएगी . इसी कड़ी में आग बुझाने में नगर निगम द्वारा किए गए खर्च को वसूलने के लिए संचालक को नोटिस भी जारी की जाएगी .

सतना में परिवहनकर्ता को प्रशासन ने दिया नोटिस

निवभारत न्यूज

सतना 19 मई. अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दण्डाधिकारी सतना शैलेन्द्र सिंह ने गेहूं उपार्जन वर्ष 2026-27 के अनुबंधित परिवहनकर्ता विकास जायसवाल द्वारा नियत अवधि में परिवहन नहीं करने और इस कारण किसानों को भुगतान नहीं होने की स्थिति निर्मित होने के फ्लस्वरूप भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 126, 128 और 135 (3) की कार्यवाही का नोटिस जारी किया है।

परिवहनकर्ता को ट्रकों की मात्रा दुगनी कर तीव्र गति से उठाव सुनिश्चित करते हुए अगले 24 से 48 घंटों में सुधार लाने के निर्देश दिये गये हैं। इसके अलावा संबंधित को अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दण्डाधिकारी कार्यालय में 20 मई को अपरान्ह 3 बजे समक्ष में उपस्थित होकर जबाव प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में सतना जिले में 2.36 लाख टन गेहूं उपार्जन कार्य किया गया है। जिसमें समिति स्तरीय केन्द्रों में 1.35 लाख मेट्रिक टन से अधिक गेहूं का उपार्जन किये जाने के उपरांत अधिकृत परिवहनकर्ता द्वारा अब तक केवल 57 हजार मेट्रिक टन गेहूं का ही परिवहन किया गया है। जिसके विरूद्ध इन केन्द्रों में केवल 49 हजार मेट्रिक टन गेहूं के ही स्वीकृत पत्रक जारी हो पाये हैं। वर्तमान में जिले में कुल 6 हजार 759 किसानों का कुल 57 हजार 739 मेट्रिक टन गेहूं खरीदी के उपरांत विगत सात दिनों से परिवहन के लिए पडा हुआ है।

स्थिति नहीं सुधरी तो गिरफ्तारी वारंट

अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने जारी नोटिस में कहा है कि इस नोटिस के प्राप्ति के पश्चात 48 घण्टे में आपके कार्य व्यवहार में सुधार नहीं होने पर विवश होकर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत एक पक्षीय गिरफ्तारी वारंट जारी कर सिविल जेल की कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी और जुर्माना तथा अनुबंध समाप्त करने की कार्यवाही भी पृथक से अमल में लाई जायेगी।

नौतपा से पहले गर्मी से झुलसा जिला, लू ने ली जान!

- 45 .1 डिग्री पार पहुंचा पारा, सीजन का सबसे गर्म दिन रहा मंगलवार

नवभारत न्यूज

सतना, 19 मई. विंध्य क्षेत्र इन दिनों भीषण गर्मी और हीटवेव की चपेट में है। सोमवार और मंगलवार को सतना में मौसम ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। शहर का अधिकतम तापमान मंगलवार को पारा 45.1 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान भी 30 डिग्री के ऊपर पहुंचने से दिन के साथ रातें भी बेहद गर्म हो गई ।

भीषण गर्मी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दोपहर के समय सड?ों पर अघोषित लॉकडाउन जैसे हालात दिखाई देने लगे हैं। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं। नौतपा शुरू होने से पहले ही ऐसे हालात ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। इसी बीच, मझगवां क्षेत्र से एक दुखद खबर सामने आई । ग्राम मोटवा निवासी 50 वर्षीय देवराज सिंह गोंड मंगलवार दोपहर मझगवां बाजार खरीदारी करने पहुंचे थे। इसी दौरान तेज धूप में उन्हें अचानक चक्कर आया और वे अचेत होकर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य

केंद्र पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में गर्मी और लू को लेकर दहशत का माहौल है। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. रूपेश सोनी ने बताया कि जब देवराज सिंह को अस्पताल लाया गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे, लेकिन उन्होंने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। बीएमओ ने कहा कि पोस्टमार्टम के बिना यह स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता कि मौत लू लगने से हुई है, हालांकि प्राथमिक तौर पर गर्मी को वजह माना जा रहा है।

औरेंजे अलर्ट जारी

मौसम के तेवर देखकर आने वाले दिनों में राहत की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही। सतना सहित पूरे विंध्य क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से दोपहर में घर से बाहर न निकलने, पर्याप्त पानी पीने और धूप से बचाव करने की अपील की है। वहीं मौसम विभाग ने सतना सहित 10 जिलों के ओरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं आने वाले दिनों में गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है।

ट्रेन से टकराकर घायल हुआ युवक

पटरी पार करने के दौरान हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

सतना, 19 मई. रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर मंगलवार दोपहर एक हादसा हो गया। पटरी पार कर रहा एक युवक जनता एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना दोपहर करीब 12 बजे हुई जब

ट्रेन नंबर 13201 जनता एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर एक पर आ रही थी। बर्दाडीह निवासी 40 वर्षीय ललित कुशवाहा, पिता सौखीलाल कुशवाहा, प्लेटफॉर्म से पटरियों पर उतरकर प्लेटफॉर्म नंबर दो की ओर जा रहे थे। इसी दौरान वह ट्रेन के इंजन की चपेट में आ गए। हादसे के बाद ट्रेन को तुरंत रोका गया। जीआरपी और आरपीएफ स्टाफ की मदद से गंभीर रूप से घायल ललित को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों के अनुसार, ललित के पेट और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल उनका इलाज रीवा में चल रहा है और उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

मकान सूचीकरण कार्य 85 प्रतिशत पहुंचा

नवभारत न्यूज

सतना, 19 मई. भारत की जनगणना 2027 अंतर्गत नगर पालिक निगम सतना क्षेत्र में संचालित मकान सूचीकरण कार्य में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। निगम क्षेत्र के कुल 434 में से 368 एच एल बी का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा कार्य प्रगति बढ़कर लगभग 85 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

गौरतलब है एक दिन पूर्व तक प्रगति 76 प्रतिशत थी, जो प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के समन्वित प्रयासों, सतत् मॉनिटरिंग तथा प्रभावी कार्ययोजना के परिणामस्वरूप बढ़कर 85 प्रतिशत हो गई है। आयुक्त नगर पालिक निगम सतना एवं प्रमुख नगर जनगणना अधिकारी ने कहा कि शत-प्रतिशत लक्ष्य समय से पूर्व प्राप्त करने के लिए निगम प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। लक्ष्य प्राप्ति हेतु अतिरिक्त टीम व्यवस्था एवं विशेष सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही कार्य की गुणवत्ता एवं सटीकता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर समीक्षा एवं सतत् मॉनिटरिंग की जा रही है।

एक नजर में

नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की

सतना, श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस की कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से श्रद्धा व उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित रहे एवं बैंड, बाजा के साथ जन्मोत्सव में सभी श्रद्धालुओं ने एक दूसरे को बधाई दी एवं माखन मिश्री का प्रसाद एवं उपहार बांटे गए । विदित हो कि स्वर्गीय लवकुश प्रसाद गुप्ता की पुण्य स्मृति में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती उषा गुप्ता, पुत्र आशीष गुप्ता पुत्रवधू श्रीमती प्राजंलि गुप्ता की यजमानी एवं अमित गुप्ता की व्यवस्था में 15 मई से संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा गौशाला चौक स्थित श्री ओमकार पैलेस में वृंदावन से पधारे महाराज जी श्री छबीले छैल बिहारी द्वारा कथा का रसपान प्रतिदिन सायंकाल 4-00 बजे से कराया जा रहा है, कथा 21 मई तक चलेगी।

दशरथ ने राम को उत्तराधिकारी चुना : आचार्य जयराम

सतना . संत मोतीराम आश्रम में आयोजित महंत स्वामी खिम्यादास जी के



सानिध्य में श्री पुरुषोत्तम मास संजीवनी महोत्सव के अवसर पर श्रीमद् गुरु दुराचार्य ललित ब्रह्म पीठाधीश्वर श्री जय राम देवाचार्य जी महाराज ने अयोध्या के राजा दशरथ के द्वारा अपने पुत्र राम को अपना उत्तराधिकारी चुनने के प्रसंग की कथा का वर्णन किया। महाराज जी ने कहा कि उनकी पत्नी कैकेयी ने उनसे विनती की कि वे उनके स्थान पर अपने दूसरे पुत्र भरत को उत्तराधिकारी नियुक्त करें। कैकेयी ने कहा कि दशरथ पर उनके दो उपकार हैं और यदि वे भरत का राज्याभिषेक नहीं करते और राम को चौदह वर्षों के लिए वनवास नहीं भेजते, तो उन्हें विपत्ति का सामना करना पड़ता । स्वामी जी ने कहा श्री राम के जन्म की कथा क्या है रावण के अत्याचारों का अंत करने एवं धर्म की रक्षा करने के लिए भगवान विष्णु ने कौशल्या के गर्भ से रामावतार धारण किया उनकी सहायता के लिए उनकी संगनी लक्ष्मी जी ने देवी सीता शेषनाग में लक्ष्मण शिव जी ने हनुमान जी आदि रूप में अवतरण卐लिया चैत्र सुद नवमी के दिन राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न का जन्म हुआ।

समाजसेवी शम्भूचरण को मातृ शोक

सतना । जिले के वरिष्ठ समाजसेवी शंभू चरण दुबे एवं गौरी चरण दुबे की माता जी श्रीमती विमला दुबे मंगलवार को मुम्बई में ईलाज के दौरान निधन हो गया है ।उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के बाद पतेरी फॉर्म हाउस से नारायण तालाब मुक्तिधाम अंतिम संस्कार हेतु कल ले जाया जाएगा।

अध्ययन प्रवास मुंबई में ओबीसी सशक्तिकरण पर मंथन

नवभारत न्यूज

सतना, 19 मई. संसदीय समिति अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति के अध्ययन प्रवास के दौरान सतना सांसद एवं समिति के चेयरमेन गणेश सिंह इन दिनों मुंबई दौरे पर हैं।

मंगलवार को इस इंवेंट में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी शिरकत की। इस दौरान सीएम-सांसद और समिति के सदस्यों ने शिष्टाचार भेंट कर अन्य पिछड़ा वर्ग समाज के उत्थान और कल्याणकारी योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री फडणवीस ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा ओबीसी समाज के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक विकास के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार, छात्रवृत्ति, कौशल विकास और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं का उल्लेख किया। मोदी आवास योजना विशेष चर्चा का केंद्र रही।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना के माध्यम से ओबीसी, ईबीसी और एसबीसी वर्ग के जरूरतमंद परिवारों को पक्का और सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों को अपना घर दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही लक्ष्य- गणेश सिंहइस अवसर पर सांसद गणेश सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकारें मिलकर समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा से जोडने् के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं।

चले राम राज्य की ओर यात्रा आज पहुंचेगी

सतना, 19 मई. इंद्रा ज्योति यात्रा व चले राम राज्य की ओर संकल्प यात्रा卐 20 मई को शाम 5-30 बजे सतना पहुंचेगी । यात्रा का स्वागत डालीबाबा चौक सतना में जिला कांग्रेस कमेटी सतना द्वारा किया जाएगा तदउपरांत यात्रा कांग्रेस कार्यालय पहुंचेगी जहां सभा के रूप में यात्रा का दिन का समापन होगा उसके पश्चात यात्रा का रात्रि विश्राम सर्किट हाउस सतना में होगा।

जिगनहट एनीकट का महापौर ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सतना, 19 मई. महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने जिगनहट में निर्माणाधीन एनीकट कार्य का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन एवं किसानों को इसका लाभ शीघ्र प्राप्त हो सके। महापौर ने कहा कि

यह परियोजना जल संरक्षण, भूजल स्तर में सुधार एवं किसानों के हित में महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि जनहित एवं विकास से जुड़े प्रत्येक कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करना नगर निगम की प्रतिबद्धता है।

किसान कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सतना, 19 मई. जिला किसान कांग्रेस ने मध्य प्रदेश सरकार द्वारा तय समय सीमा से पहले ही जिले में गेहूं की खरीदी बंद करने पर गहरा रोष व्यक्त किया है। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष पांडेय के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

ज्ञापन में बताया गया कि पूरे मध्य प्रदेश में किसानों से गेहूं

खरीदी की अंतिम तारीख 23 मई 2026 तय की गई थी, लेकिन जिले में प्रशासन ने 4 मई 2026 से ही अचानक स्लॉट बुकिंग बंद कर दिया गया. इसके अलावा सर्वर में खराबी के कारण जिन किसानों के स्लॉट बुक थे, उन्हें भी टोकन नहीं मिल पा रहे हैं और उनकी फसल की तौल रुकी हुई है। ज्ञापन में जिन मांगों को उठाया गया उनमें तय तारीख 23 मई से पहले बंद की गई गेहूं खरीदी को तत्काल दोबारा शुरू किया जाए।.सर्वर की खराबी के कारण रुके हुए टोकन जनरेट कर किसानों के गेहूं की तौल कराई जाए।जिन पंजीकृत किसानों के स्लॉट बुक नहीं हो पाए हैं, उन्हें स्लॉट बुकिंग की सुविधा देकर खरीदी की जाए। किसान कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि अन्नदाताओं की इन गंभीर समस्याओं का तत्काल निराकरण नहीं किया गया, तो किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।